नर्मदा गौ कुम्भ में भारतीय नस्ल की गायों एवं पंचगव्य उत्पादों की प्रदर्शनी

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, माननीय कुलपति जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणास्वरूप, गीताधाम ग्वारीघाट में आयोजित नर्मदा गौ कुम्भ के भटौली कुण्ड के समीप स्थित प्रदर्शनी स्थल में भारतीय गौवंश की प्रदर्शनी एवं पंचगव्य से बने गोबर के गमले कीटनाशक, जैविक खाद आदि का प्रदर्शन नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं पशुपालन विभाग म.प्र. शासन के सौजन्य से 24 फरवरी से 3 मार्च तक किये जाने के निर्देश कलेक्टर भरत यादव द्वारा दिये गये है। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलसचिव डॉ. विनोद बाजपेई द्वारा विश्वविद्यालय में इस संबंध में बैठक ली गई जिसमें डॉ. जी.पी. लखानी, प्रबंधक पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, अधारताल तथा डॉ. प्रणव सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवायें, जबलपुर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि वहां पर साहीवाल, गिर आदि के गाय–बछड़े तथा अन्य नस्लों के पोस्टर एवं विवरण प्रदर्शित किये जावेंगे। साथ ही स्टाल से पशुचिकित्सा से संबंधित पोस्टर आदि भी वितरित किये जायेंगे। गौ कुम्भ के अंतर्गत पशुओं को प्रदर्शन करने के अभिनव आयोजन हेतु संस्था एवं सहभोगियों का आव्हान किया गया। डॉ. जे.के. भारद्वाज तथा डॉ. ए.के.गौर को प्रमुखता से नर्मदा गौ कुम्भ में गायों पंचगव्य तथा पोस्टर आदि की प्रदर्शनी हेतु जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदान की गई है तथा समूची प्रक्रिया की व्यय पूर्ति हेतु प्राक्कलन कलेक्टर जबलपुर को प्रदान किया गया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)